जब से तेरी मेरी मुलाकात हो गयी

जबसे तेरी मेरी मुलाकात हो गयी,
सारे कहते है की करामात हो गयी ।
दुनिया दीवानी मेरे साथ हो गयी,
सारे कहते है करामात हो गयी ॥

संवारे सलौने श्याम, झूम झूम गाऊ मैं
तूने क्या किया है कैसे तुझको बताऊ मैं ।
खुशियों की जैसे बरसात हो गयी है,
सारे कहते है की करामात हो गयी ॥

एक वो जमाना था, ठोर न ठिकाना था
देखते ही मुझसे आँखे, फेरता जमाना था ।
किस्मत बुलंद रातों रात हो गयी,
सारे कहते है की करामात हो गयी ॥

'लेहरी' दीया जो तूने, कभी न भुलाऊंगा
जिंदगी ये सारी तेरी, सेवा में बिताऊंगा ।
आँखों ही आँखों में अपनी बात हो गयी,
सारे कहते है की करामात हो गयी ॥

स्वर : उमा लहरी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1494/title/jab-se-teri-meri-mulakat-ho-gyi-sare-kehte-hain-ki-karamat-ho-gayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |